नवभारत
भोपाल, सोमवार 11 मई, 2026

दो युवकों की मौत के बाद शाहपुर में तनाव

शराब कारोबार से जुड़े बदमाशों की पिटाई में दूसरे युवक की भी हुई मौत, शव रखकर 4 घंटे तक चलता रहा चक्काजाम, बाजार रहा पूरी तरह बंद

नवभारत न्यूज

सागर 10 मई. सागर जिले के सानौधा थाना अंतर्गत शाहपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में शराब कारोबार से जुड़े कर्मचारियों और कथित शराब माफियाओं द्वारा की गई बेरहमी भरी मारपीट ने पूरे इलाके को दहला दिया है. दो दिनों के भीतर दो युवकों की मौत के बाद शाहपुर और आसपास के गांवों में भारी तनाव का माहौल बना हुआ है.

रविवार सुबह दूसरे युवक की मौत के बाद गुस्साए परिजन और ग्रामीणों ने शव सड़क पर रखकर करीब चार घंटे तक चक्काजाम किया और पुलिस प्रशासन के

खिलाफ जमकर नारेबाजी की. ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में लंबे समय से अवैध शराब कारोबार सक्रिय है और शराब सिंडिकेट से जुड़े लोग खुलेआम दहशत फैला रहे हैं, लेकिन पुलिस की ओर से कभी सख्त कार्रवाई नहीं की गई. प्रदर्शन के दौरान शाहपुर चौकी प्रभारी को हटाने की मांग भी जोर-शोर से उठी. स्थिति को संभालने के लिए भारी पुलिस बल तैनात करना पड़ा. बाद में प्रशासनिक अधिकारियों और रहली विधायक एवं पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव के आश्वासन के बाद लोगों ने प्रदर्शन समाप्त किया.

मृतक युवक सूरज अहिरवार

मिली जानकारी के अनुसार शाहपुर निवासी नीरज प्रजापति और उसका मित्र सूरज अहिरवार दो दिन पहले गढ़ाकोटा से इलेक्ट्रिक फिटिंग का सामान लेकर मोटरसाइकिल से शाहपुर लौट रहे थे. देर रात बरेठा बाबा घाटी के पास बोलेरो वाहन से पहुंचे करीब 10 से 12 लोगों ने उनकी बाइक रोक ली. बताया जा रहा है कि आरोपियों ने दोनों युवकों पर अवैध शराब बेचने का शक जताया और इसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया. देखते ही देखते बदमाशों ने लाठी, डंडों, लोहे की रॉड और लात-घूंसों से दोनों पर हमला कर दिया. नीरज गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा, जबकि सूरज किसी तरह जान बचाकर वहां से निकल पाया. परिजन दोनों की तलाश करते रहे. बाद में घाटी के पास क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल और गंभीर हालत में नीरज मिला, उसकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी.

> देर रात इलाज के दौरान घायल सूरज अहिरवार की भी मौत हो गई. दूसरी मौत की खबर मिलते ही शाहपुर में माहौल और अधिक तनावपूर्ण हो गया. ग्रामीण और परिजन शव लेकर शाहपुर-पथरिया मार्ग पर बैठ गए और चक्काजाम शुरू कर दिया. करीब चार घंटे तक चले प्रदर्शन के दौरान लोगों ने आरोप लगाया कि इलाके में शराब माफियाओं का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है और पुलिस संरक्षण के चलते अपराधियों के हौसले बुलंद हैं. प्रदर्शनकारियों ने सभी आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी, पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता और जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की. दो युवकों की मौत के बाद शाहपुर, गढ़ाकोटा और आसपास के क्षेत्रों में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है. ग्रामीणों का कहना है कि इलाके में लंबे समय से अवैध शराब कारोबार सक्रिय है और उसके खिलाफ आवाज उठाने वालों को धमकाया जाता है.

मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रशिक्षण

नवभारत न्यूज

सागर 10 मई. मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 की तैयारी एवं फोटो युक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण 2026 की तैयारी हेतु प्रक्रिया एवं मतदाता सूची तैयार करने के लिए आर्ट एंड कॉमर्स कॉलेज में समस्त नगरीय निकायों एवं जनपद पंचायत के मास्टर ट्रेनरों एवं डाटा एंट्री ऑपरेटरों का प्रशिक्षण आयोजित हुआ.

जिला मास्टर ट्रेनर डॉ. अमर जैन ने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 की समय सारणी को स्पष्ट करते हुए बताया कि सभी कार्य तय समय सीमा में करना है कंट्रोल टेबल का वेरिफिकेशन, वेंडर , रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के दायित्व एवं मतदाता सूची के प्रावधान बताएं. आनंद मंगल बोहरे जिला मास्टर ट्रेनर ने ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय के लिए वार्ड अनुसार मतदाता सूची की स्थिति में तैयार करने पर अपनी बात रखी. मनीष सक्सेना जिला मास्टर ट्रेनर ने ग्रामीण एवं नगरी निकायों की मतदाता सूची के अंतर प्रकाश डाला .बेनी प्रसाद प्रजापति मतदाता सूची पुनरीक्षण के संबंध में समझाया.

सुपरवाइजर की बैठक

सागर. जनगणना चार्ज अधिकारी एवं मुख्य नगर पालिका परिषद मकरोनिया अधिकारी पवन शर्मा ने जनगणना कार्य में लगे सभी सुपर वाइजर की बैठक ली एवं सभी को कार्य में तीव्र गति लाने के निर्देश दिए. मुख्य नगर पालिका अधिकारी मकरोनिया ने बताया कि मकरोनिया में जनगणना का कार्य लगातार जारी है. मकानों की जनगणना जल्द से जल्द पूरी हो उसके लिए जनगणना में लगे सुपर वाइजर की बैठक लेकर. सभी को निर्देशित किया है कि सभी अपने प्रगणक की सहायता करते हुए जल्द से जल्द कार्य को पूरा करवाए.

तहसीलदार को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश

नवभारत न्यूज

सागर 10 मई. कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि 50 प्रतिशत कार्य पूर्ण करें साथ ही, कार्य में प्रगति न लाने वाले प्रगणकों, सुपरवाइजरों पर कार्यवाही करें.

मकानगणना कार्य में प्रगति न लाने पर चार सीएमओ, एक तहसीलदार को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए. कलेक्टर ने निर्देश दिए की जनगणना महाअभियान के अंतर्गत मकानगणना का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता का है. कार्य को गंभीरता के साथ समय सीमा के पूर्व पूरा करें और कार्य न करने वाले या प्रगति न लाने वालों पर सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जावे. उन्होंने सीएमओ मकरोनिया, शाहगढ़, शाहपुर, राहतगढ़, बांदरी तहसीलदार को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं एवं दो दिवस में प्रगति न लाने पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए.

मिशन संचालन बैठक

सागर. भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय द्वारा ज्ञानभारतम् पांडुलिपि मिशन 15 जून तक विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है. जिस संबंध में अपर कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी जिला पुरात्तव पर्यटन एवं संस्कृति परिषद् की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई. बैठक में निर्णय लिया गया कि जिन स्थानों पर पांडुलिपियां है सूचीकरण कर अभिरक्षक से पांडुलिपियां प्राप्त कर उनका डिजिटलीकरण कर पांडुलिपियां वापिस कर दी जायेगी. बैठक में डॉ शशि कुमार सिंह, डॉ रजनीश जैन, दामोदर अग्निहोत्री आदि मौजूद थे.

इंटीग्रेटेड योग शिविर का हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

सागर 10 मई. पतंजलि योग समिति सागर के तत्वावधान में 21 जून विश्व योग दिवस की तैयारियों को लेकर अंतर्गत अटल पार्क, सागर में विशेष इंटीग्रेटेड योग शिविर का आयोजन संपन्न हुआ.

मुख्य योग शिक्षक एवं पतंजलि योग समिति मध्यप्रदेश के पूर्व राज्य प्रभारी भगत सिंह योगाचार्य ने कहा कि वर्तमान समय में भीषण गर्मी एवं बढ़ते तापमान के कारण स्वास्थ्य संबंधी अनेक समस्याएँ उत्पन्न हो रही हैं. ऐसे समय में नियमित योगाभ्यास, प्राणायाम, संतुलित जैविक आहार, पर्याप्त जल सेवन तथा आयुर्वेदिक जीवनशैली अपनाकर लू एवं गर्मी जनित रोगों से बचा जा सकता है.योग केवल व्यायाम नहीं बल्कि शरीर, मन एवं आत्मा को स्वस्थ रखने की संपूर्ण जीवन पद्धति है.कार्यक्रम में एस. वाजपेयी , मनोज जैन, रघुराज सेन, सुनील पॉल, महेश पॉल, शैलेन्द्र साहू, पूर्वी साहू, सतीश सैनी, प्रमोद गुप्ता, अंजू गुप्ता, नरेन्द्र सिंह, लाल मीणा, जितेंद्र श्रीवास्तव, गौरी शंकर साहू, सुरेश रैकवार सहित अनेक योग शिक्षक, भाई-बहन मौजूद थे.

महिला से मारपीट हुई

ललितपुर. कोतवाली सदर क्षेत्र में रास्ते के पुराने विवाद को लेकर एक महिला के साथ अभद्रता, गाली-गलौज और मारपीट का मामला सामने आया है. पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने दो नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. राधारमण मंदिर के पीछे मवेशी बाजार निवासी सुषमा पत्नी स्व.विनीत कुमार ने पुलिस को बताया कि वह बाजार से सामान लेकर अपने घर लौट रही थीं. इसी दौरान रास्ते के विवाद को लेकर रंजिश रखने वाले पड़ोसी संजय और मयंक ने उनका रास्ता रोक लिया था.

कार्य को पारदर्शी एवं व्यवस्थित रूप से पूर्ण करें

नवभारत न्यूज

बंडा 10 मई. सीएम राइस स्कूल के सभाकक्ष में आगामी जनगणना कार्य के संबंध में प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों की बैठक आयोजित की गई.

बैठक की अध्यक्षता तहसीलदार एवं जनगणना चार्ज अधिकारी मोहित जैन द्वारा की गई. बैठक में समय-सीमा में एवं पूर्ण शुद्धता के साथ संपादित करने के निर्देश दिए गए. तहसीलदार श्री जैन ने कहा कि जनगणना राष्ट्रीय महत्व का कार्य है, सभी प्रगणक एवं सुपरवाइजर अपने दायित्वों का गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करें.

> बैठक में जनगणना मोबाइल ऐप के सही भराव, घर-घर सर्वेक्षण, डेटा की गोपनीयता, मोबाइल एप/ऑनलाइन प्रविष्टि तथा आमजन से समन्वय बनाए रखने संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि किसी भी प्रकार की त्रुटि या लापरवाही से बचते हुए कार्य को पारदर्शी एवं व्यवस्थित रूप से पूर्ण किया जाए. समस्त कार्य को 15 मई तक संपादित करने हेतु समय सीमा का पालन करने हेतु निर्देशित किया. बैठक में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने जनगणना कार्य को संपन्न कराने हेतु पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया. बैठक में चार्ज अधिकारी बंडा तहसीलदार मोहित जैन,जनगणना चार्ज लिपिक सौरभ पचौरी,सुपर वाइजर,सुनील मिश्रा,पटवारी भानु प्रताप अहिरवार,गोपाल सिंह ठाकुर उपस्थित रहे.

जल स्रोतों के संरक्षण पर फोकस

नवभारत न्यूज

सागर 10 मई. जल संकट के बढ़ते वैश्विक खतरे को देखते हुए सागर से सागर तक अभियान की शुरुआत जिले से किए जाने की तैयारी है.

कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल से हुई बैठक में अभियान की रूपरेखा पर चर्चा की गई. कलेक्टर ने जिले की सभी नदियों, झरनों और छोटे जल स्रोतों का सूक्ष्म अध्ययन कर उनकी विस्तृत जानकारी एकत्रित करने के निर्देश जिला पंचायत सीईओ को दिए, ताकि बाद में उनका भौतिक सत्यापन किया जा सके. अभियान में श्याम तिवारी ने सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया है और संगठन के कार्यकर्ताओं को इससे जुड़ने का आह्वान किया है.

मातृ दिवस पर किया नारी शक्ति का सम्मान

नवभारत न्यूज

सागर 10 मई. रविशंकर शुक्ल शास.क.उ.मा.वि. में महिलाओं के सम्मान एवं उनकी अद्वितीय क्षमताओं को पुनः अभिभूत कर महिलाओं के सम्मान समारोह का आयोजन हुआ.

इस अवसर पर ठाकुर चंदन सिंह एरिया मैनेजर ने कहा कि माँ हमारी आजीवन देखभाल करती है उनका मार्गदर्शन जीवन भर साथ रहता है . पद्माकर निनावे शाखा प्रबंधक ने कहा कि नारी हर रूप में पूजन एवं वंदना की मूर्त है. आसमा जैन प्राचार्य शासकीय हाईस्कूल चमेली चैक ने कहा कि आज के समय में नारी अबला नहीं सबला है वह शिक्षित होकर पूरे परिवार एवं समाज में अपना परचम लहरा रही है. संकुल प्राचार्य डॉ. महेन्द्र प्रताप तिवारी ने अपनी माँ को याद किया बल्कि हर क्षण माताऐं किस प्रकार से अपने बालकों का लालन-पालन व ध्यान रखती है. इस अवसर पर आशा जैन, मालिनी जैन, डॉ. शुभा मिश्रा, डॉ. नाहिद परवीन खान, सुमन सेन, शालिनी जैन, शोभना ढिमोले, नीलोफर खान, रितु कटारे, अर्चना कुशवाहा, संध्या मिश्रा, संध्या नामदेव, रश्मि साहू, अरूणा जैन मौजूद थीं.

प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण

नवभारत न्यूज

सागर 10 मई. पं. दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में रेडक्रॉस सोसाइटी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में विद्यार्थियों के लिए प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

इस अवसर पर जिला आयुष चिकित्सालय के डॉ. आशीष पटेल ने विद्यार्थियों को विभिन्न आपात स्थितियों में अपनाई जाने वाली सावधानियों और प्राथमिक उपचार की विस्तृत जानकारी दी. उन्होंने विशेष रूप से रोड एक्सीडेंट, साँप काटने और मिर्गी के दौरे जैसी परिस्थितियों में क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए इस पर मार्गदर्शन दिया. प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता ने कहा कि आपातकालीन स्थिति कभी भी और कहीं भी उत्पन्न हो सकती है. रासेयो के छात्र इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अवधेश प्रताप सिंह एवं छात्रा इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अभिलाषा जैन की उपस्थिति रही. कार्यक्रम में डॉ. रश्मि यादव डॉ. रश्मि दुबे, डॉ. राना कुंजर सिंह मौजूद थीं.

एसपी को दिया आवेदन

सागर. गोपालगंज थाना क्षेत्र के शुक्रवारी वार्ड निवासी राजा उर्फ नूर उल हुसैन ने एसपी अनुराग सुजानिया को आवेदन सौंपकर मांग की है कि मारपीट मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए. उन्होंने आरोप लगाया कि पुरानी रंजिश के चलते उनके भाई रोबी का नाम झूठा जोड़ा जा रहा है, जबकि घटना के समय वह मौके पर मौजूद नहीं था. यह मामला 3 मई की रात लाजपतपुरा वार्ड के मदारछल्ले मोहल्ले का है, जहां अंकित बैन उर्फ मगरा के साथ अज्ञात युवकों ने मारपीट की थी. आवेदन में कहा गया कि पुलिस घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल टावर लोकेशन की जांच करे. राजा ने इकबाल, नासिर उर्फ नस्सू और सोनू उर्फ सोहिल पर पुरानी दुश्मनी के चलते परिवार को फंसाने का आरोप लगाया. आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया कि अंकित और इकबाल जिला बदर रह चुके हैं तथा उन पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं.

डीबीटी प्रायोजित पॉपुलर लेक्चर सीरीज संपन्न

नवभारत न्यूज

सागर 10 मई. एडिना में डिपार्टमेंट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी (डीबीटी), से पॉपुलर लेक्चर सीरीज का आयोजन किया गया.

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. (डॉ.) एस. पी. व्यास पूर्व कुलपति डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों को अनुसंधान, नवाचार एवं आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में जैव प्रौद्योगिकी की भूमिका पर मार्गदर्शन प्रदान किया. विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. उमेश के. पाटिल एवं प्रो. सुशील काशव उपस्थित रहे. कार्यक्रम में आमंत्रित स्पीकर के रूप में डॉ. सी. पी. उपाध्याय ने, प्रोफ़ेसर जैव प्रौद्योगिकी विभाग, डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय, विटामिन युक्त फसलों के लिए जेनेटिक इंजीनियरिंग आधारित तकनीकें विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया. डॉ. शालिनी बजाज, डीन, फार्मेसी विभाग, एकलव्य विश्वविद्यालय, दमोह, ने पुनर्योजी चिकित्सा में स्टेम सेल तकनीक विषय पर अपने विचार साझा किए. डॉ. वैशाली यादव, सह प्राध्यापक, एडिना साइंसेज ने क्रिस्पर आधारित जीनोम एडिटिंग: आधुनिक स्वास्थ्य सेवा में परिवर्तनकारी भूमिका विषय पर जानकारी दी.

डायरेक्टर डॉ. सुनील कुमार जैन ने विद्यार्थियों को जैव प्रौद्योगिकी एवं शोध आधारित शिक्षा के महत्व के बारे में बताया. संयोजक डॉ. विवेक जैन ने आभार माना. इस अवसर पर चेयरमैन राजेश जैन, एसोसिएट डायरेक्टर इंजी. रोहित जैन, इंजी. सुयश जैन, मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती हर्षिता जैन,श्रीमती मंशा जैन, प्राचार्य डॉ. अभिषेक जैन, डॉ. प्रतीक जैन, डॉ. रूपेश जैन,सहित शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे.

समाज उत्थान, शिक्षा, युवाओं के भविष्य को लेकर हुई चर्चा

नवभारत न्यूज

सागर 10 मई. खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के निज निवास पर कुश समाज कल्याण के अध्यक्ष प्रभुदयाल पटेल ने सौजन्य भेंट की.

इस अवसर पर समाज हित, संगठन सशक्तिकरण तथा युवाओं के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई. भेंट के दौरान श्री पटेल ने मंत्री श्री राजपूत को संगठन की भावी योजनाओं, समाज के उत्थान हेतु किए जा रहे प्रयासों तथा समाज को संगठित करने की कार्ययोजना से अवगत कराया. मंत्री श्री राजपूत ने समाज के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा, सामाजिक एकता और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया. मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि किसी भी समाज की प्रगति का आधार शिक्षा, संगठन और सामाजिक समरसता होती है.

ब्राह्मण महामंडल ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

ललितपुर 10 मई. अयोध्या धाम से दर्शन कर लौट रहे महरौनी के एक ही परिवार के सदस्यों की सड़क हादसे में हुई मृत्यु के बाद अब उनके आश्रितों को सरकारी मदद दिलाने की मांग तेज हो गई है.

ब्राह्मण महामंडल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर पीड़ित परिवार के लिए आर्थिक सहायता और मृतक की मेधावी पुत्री को सरकारी नौकरी देने की मांग की है. ज्ञापन में बताया गया कि दुर्घटना में महरौनी निवासी बृजभूषण तिवारी, स्वामी प्रसाद, मनोज, कृष्णकान्त, शशिकांत, अंशुल, दीपक, उमेश और देशराज की असामयिक मृत्यु हो गई थी. ये सभी मृतक एक ही परिवार से संबंधित थे और आर्थिक रूप से कमजोर थे. जिलाध्यक्ष अशोक पटैरिया और महामंत्री परमानंद तिवारी ने उल्लेख किया कि मृतक बृजभूषण तिवारी की पुत्री वैष्णवी ने इंटरमीडिएट परीक्षा में टॉप किया था.बिना पिता के हो चुकी मेधावी छात्रा वैष्णवी को योग्यतानुसार किसी विभाग में सरकारी नौकरी दी जाए ताकि परिवार को भुखमरी से बचाया जा सके. पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की जाए.

खुशखबरी यहां बाघिन एन-6 चार शावकों के साथ कैमरे में कैद हुई है

नौरादेही में खुशखबरी, बाघिन एन-6 चार शावकों के साथ दिखी

नवभारत न्यूज

सागर 10 मई. मप्र के सबसे बड़े टाइगर रिजर्व वीरांगना रानी दुर्गावती (नौरादेही) टाइगर रिजर्व से फिर खुशखबरी आई है. यहां बाघिन एन-6 चार शावकों के साथ कैमरे में कैद हुई है.

पिछले एक महीने से एन-6 को लापता बताए जा रहा था और उसके कॉलर आईडी के सिग्नल न मिलने की भी बात सामने आ रही थी, लेकिन टाइगर रिजर्व प्रबंधन द्वारा एक वीडियो जारी किया गया है, जिसमें एन-6 बाघिन चार शावकों के साथ दिखाई दे रही है. जहां तक एन-6 बाघिन की बात करें, तो पिछले करीब एक महीने से इसका पता नहीं था. चर्चा तो यहां तक थी कि बाघिन टाइगर रिजर्व से लापता हो गई है और उसका रेडियो कॉलर भी काम नहीं कर रहा है. टाइगर रिजर्व प्रबंधन द्वारा पूरे इलाके में मुनादी भी कराई जा रही थी और लोगों को सतर्क किया जा रहा था. नौरादेही टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर रजनीश कुमार सिंह का कहना है कि एन-6 बाघिन ना तो लापता हुई थी और ना ही किसी संकट में थी.उसका रेडियो कॉलर काफी पुराना हो गया था और हम उसे बदलने के लिए उसकी तलाश कर रहे थे, लेकिन जब आज उसकी तस्वीर सामने आई है. तब हमें अंदाजा लगा है कि एन-6 बाघिन सुरक्षित प्रसव के लिए जंगल के कोर एरिया में महफूज जगह पर थी.

> डिप्टी डायरेक्टर रजनीश कुमार सिंह ने बताया है कि एन-6 बाघिन के चार शावकों के साथ नजर आने पर तय हो गया है कि पिछले साल ही पेंच से नौरादेही टाइगर रिजर्व आई ह-6 बाघिन ने यहां पर अपने आप को अनुकूल कर लिया है. चार शावकों के जन्म देने से यह भी साफ हो गया है कि वह अपने आप को यहां पर सुरक्षित महसूस कर रही है .हालांकि ह-6 बाघिन कहां और किस रेंज में देखी गई है, इसका खुलासा टाइगर रिजर्व प्रबंधन द्वारा सुरक्षा कारणों से नहीं किया गया है, लेकिन प्रबंधन का कहना है कि एन-6 बाघिन पूरी तरह सुरक्षित है और हमारे वनकर्मी उसकी सुरक्षा में मुस्तैद हैं. वह फिलहाल टाइगर रिजर्व के कोर एरिया में है. देखा जाए तो नौरादेही टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या 30 तक पहुंच गई है. इसके पहले दिसंबर माह में मदर ऑफ नौरादेही कही जाने वाली बाघिन राधा (ह-1) तीन शावकों के साथ नजर आई थी.

हम आसपास के इलाकों में मुनादी इसलिए कर रहे थे, क्योंकि गांव के लोग जंगल में जाने के दौरान सुरक्षित रहे.